# अमेरिका से दोस्ती की तो ताइवानी राष्ट्रपति का कर देंगे सफाया

## ग्लोबल टाइम्स ने ताइवान की राष्ट्रपति को जान से मारने की धमकी दी

**धमकी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ताइपे। अमेरिकी विदेश विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कीथ क्राच की ताइवान यात्रा से भड़के चीन के सरकारी भोपू ग्लोबल टाइम्स ने ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंगवेन को जान से मारने की धमकी दी है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि ताइवान की नेता त्साई अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अधिकारी के साथ डिनर करके आग से खेल रही हैं। चीनी अखबार ने कहा कि अगर त्साई वेन के किसी कदम से चीन के कानून का उल्लंघन हुआ तो युद्ध शुरू हो जाएगा और ताइवानी नेता का सफाया कर दिया जाएगा।

इससे पहले एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए क्राच 17 सितंबर को ताइवान पहुंचे थे। उन्होंने 18 सितंबर को ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग वेन के साथ डिनर किया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के किसी अधिकारी की यह सब शीर्ष स्तर की यात्रा थी। इससे पहले



अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्स अजार भी ताइवान आए थे। त्साई वेन और क्राच के एक साथ डिनर करने पर चीनी अखबार भड़क उठा।

**आग से खेल रही हैं ताइवान की नेता त्साई इंग वेनः** ग्लोबल टाइम्स ने धमकी दी कि ताइवानी नेता अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करके आग से खेल रही हैं। ग्लोबल टाइम्स ने यह धमकी ऐसे समय पर दी है जब चीनी के फाइटर जेट लगातार ताइवान एयरस्पेस में घुस रहे हैं। शनिवार को लगातार तीसरे दिन चीन ने ताइवानी एयरस्पेस में अपने 19 जहाजों को भेजा। चीन के इस उकसावे की कार्रवाई के वक्त अमेरिकी उप विदेश मंत्री किथ क्राच ताइवान को लोकतांत्रिक व्यवस्था में तब्दील करने वाले पूर्व राष्ट्रपति ली तेंग हुई को श्रद्धांजलि दे रहे थे।

शुक्रवार को चीन के 18 फाइटर जेट्स ने एक साथ ताइवानी सीमा में घुसपैठ की थी। चीन के इस घुसपैठी बेड़े में 12 जे–16 फाइटर जेट, 2 जे–10 फाइटर जेट, 2 जे–11 फाइटर जेट, 2 एच–6 परमाणु बॉम्बर और एक वाय–8 एंटी सबमरीन एयरक्राफ्ट शामिल था। जैसे ही ताइवानी रडार ने चीनी एयरफोर्स की इस घुसपैठ का पता लगाया वैसे ही वॉर्निंग जारी कर दी गई। ताइवानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने चीनी जहाजों को खदेड़ने का मिशन भी शुरू कर दिया। वहीं एंटी एयरक्राफ्ट गन और मिसाइलों को भी एक्टिवेट कर दिया गया।

**ताइवान की खाड़ी में युद्धाभ्यास कर रहा है चीन**

ताइवान से बढ़ते तनाव के बीच चीन पिछले कई दिनों से लाइव फायर एक्सरसाइज कर रहा है। बड़ी संख्या में चीनी सैनिक, बमवर्षक जहाज, रॉकेट लॉन्चर्स और आधुनिक युद्धपोत इस युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। इस युद्धाभ्यास का आयोजन पीएलएक ईस्टर्न थिएटर कमांड ने किया है। चीन और ताइवान के संबंध हाल के दिनों में सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि पीएलएक का युद्धाभ्यास एक त्वरित प्रक्रिया है। ताइवान को इससे डर होना चाहिए।

## न्यूज डायरी



### नवाज शरीफ ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ जंग का किया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। करीब एक साल तक चुप्पी साधे रखने के बाद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने रविवार को पाकिस्तानी सेना और उसके चहेते प्रधानमंत्री इमरान खान पर जमकर हमला बोला। शरीफ ने एक तरफ जहां बेहद ताकतवर फौज की आलोचना की, वहीं यह भी कहा कि विपक्ष इमरान खान के खिलाफ नहीं है, बल्कि उनके खिलाफ है जो अक्षम व्यक्ति को सत्ता में लेकर आए हैं। विपक्षी दलों ने इमरान के इस्तीफे मांग की। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) की ओर से आयोजित सर्वदलीय सम्मेलन में तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ ने खान का कथित रूप से समर्थन करने के लिए देश की ताकतवर फौज की आलोचना की। उन्होंने कहा, हमारा संघर्ष इमरान खान के खिलाफ नहीं है। आज, हमारा संघर्ष उन लोगों के खिलाफ है, जिन्होंने इमरान खान को बैठाया है और जिन्होंने उन जैसे अक्षम व्यक्ति को लाने के लिए (2018) के चुनाव को प्रभावित किया और मुल्क को तबाह किया।

### ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों का खौफ, 272,500 रियाल में हुआ एक डॉलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान पर मंडराते अमेरिकी प्रतिबंधों के मंडराते खतरे के बीच देश की मुद्रा रियाल अब अपने पतन की राह पर पहुंच गई है। वह भी तब जब ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी ने अमेरिका के संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को फिर से बहाल करने की मांग को खारिज कर दिया है। रविवार को ईरान की मुद्रा रियाल अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। ईरान में एक डॉलर के बदले अब 272,500 रियाल मिल रहा है। ईरान में जून से अब तक डॉलर के मुकाबले रियाल की कीमत में 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों का असर है कि तेहरान अपना तेल वैश्विक बाजार में बेच नहीं पा रहा है। इससे पहले वर्ष 2015 में ईरानी मुद्रा डॉलर के मुकाबले गिरकर 32 हजार तक पहुंच गई थी। बता दें कि अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी के ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर किए गए दावे से पश्चिम एशिया में खलबली मच गई है।

### पाकिस्तान में एक और सिख लड़की को किया अगवा, जबरन इस्लाम कबूल कराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक 22 वर्षीय सिख लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मीडिया में आयी एक खबर के मुताबिक यह घटना हाल में अटक जिले के हसनअब्दाल शहर में हुई। इसी शहर में सिखों का पवित्र धर्मस्थल प्रसिद्ध गुरुद्वारा पंजा साहिब है। लड़की कचरा फेंकने के लिए अपने घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आयी। लड़की के पिता दुकानदार हैं। खबर में इस बात का जिक्र नहीं है कि यह घटना कब हुई। जिला पुलिस के प्रवक्ता ताहिर इकबाल ने कहा कि लड़की के पिता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के तुरंत बाद एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारी हसन ने बताया कि जिस दिन लड़की लापता हुई, उसके अगले दिन उसने अपने पिता को वाट्सऐप पर एक मेसेज भेजकर बताया कि उसने अपनी इच्छा से शादी की है और इस्लाम कबूल कर लिया है।

### विपक्षी पार्टियों ने इमरान खान को हटाने के लिए गठबंधन किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का तत्काल इस्तीफा मांगते हुए मुल्क की प्रमुख विपक्ष पार्टियों ने उनकी सरकार को हटाने के वास्ते देशव्यापी प्रदर्शन करने के लिए गठबंधन किया है। रविवार को हुए सर्वदलीय सम्मेलन में 26 बिंदु वाले एक प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। इस सम्मेलन में पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन), जमीयत उलेमा–ए–इस्लाम फजल (जेयूआई–एफ) और कई अन्य पार्टियों ने शिरकत की थी। इस सम्मेलन की मेजबानी पीपीपी ने की थी। सर्वदलीय बैठक के बाद संयुक्त पत्रकार वार्ता में जेयूआई–एफ प्रमुख मौलाना फजल उर रहमान ने प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि विपक्षी पार्टियों पीडीएम नाम से गठबंधन बनाने को राजी हो गई हैं।

## चीनी सेना ने तिब्बत में दागी किलर मिसाइलें, बरसाए गोले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। भारत और चीन में जारी भारी तनाव के बीच चीनी सेना पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने लद्दाख के पास अपने इलाके में रात में हमले का व्यापक युद्धाभ्यास किया है। इस अभ्यास के दौरान चीनी तोपों ने जहां गोले बरसाए, वहीं जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का भी परीक्षण किया गया। चीनी सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने दुश्मन के हवाई जहाजों को भी मार गिराने का अभ्यास किया।

चीन के सरकारी भोपू ग्लोबल टाइम्स ने एक वीडियो जारी करके बताया कि तिब्बत सैन्य कमांड के चीनी सैनिकों ने रात में हमले का व्यापक अभ्यास किया है। यह अभ्यास समुद्र तल से 4500 मीटर की ऊंचाई पर किया गया। इस दौरानी चीनी सेना ने सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, रॉकेट और होवित्जर तोपों का इस्तेमाल किया। चीनी एयर डिफेंस सिस्टम ने फाइटर जेट को मार गिराने का अभ्यास किया।

**राफेल लद्दाख के आसमान में उड़ान भर रहाः** चीन ने यह युद्धाभ्यास ऐसे समय पर किया है जब भारत का सबसे आधुनिक फाइटर जेट राफेल लद्दाख के आसमान में उड़ान भर रहा है। सूत्रों के मुताबिक राफेल पायलटों ने अंबाला से लद्दाख तक विमानों को उड़ाया। दरअसल, ये एक प्रैक्टिस के तौर पर किया गया।



## पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के 633 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 633 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 306,304 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण की वजह से चार और मरीजों की मौत हुई और मृतकों की संख्या बढ़कर 6,420 हो गई। देश में अब तक 292,869 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। देश में 7,015 मरीजों का फिलहाल इलाज चल रहा है। सिंध में कोरोना वायरस संक्रमण के सबसे ज्यादा 133,947 मामले हैं। इसके बाद पंजाब में 98,428 मामले, खैबर–पख्तूनख्वा में 37,357 मामले, इस्लामाबाद में 16,162, बलूचिस्तान में 14,394, गिलगित–बाल्तिस्तान में 3,483 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,533 मामले सामने आए हैं।

## नेपाली बैंकों ने अमेरिका को दिया धोखा ईरान और चीन को भेजे संदिग्ध पैसे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। चीन के इशारे पर नाच रहे नेपाल के बैंकों और कंपनियों ने अब अमेरिका से पंगा लेना शुरू कर दिया है। ईरान और चीन ने अमेरिकी प्रतिबंधों की काट के लिए नेपाली बैंकों की मदद मांगी। नेपाली बैंकों ने भी परिणामों की परवाह किए बगैर इस अमेरिका विरोधी कार्रवाई में चीन की खुलकर मदद की। इन नेपाली बैंकों और कंपनियों ने विदेशों से मिले संदिग्ध पैसे को चीन और ईरान को ट्रांसफर किया।

अंतरराष्ट्रीय खोजी पत्रकारों के समूह ने खुलासा किया है कि नेपाल की कंपनियों और बैंकों ने

**अमेरिका विरोधी कार्रवाई में चीन की खुलकर मदद की**

ईरान और चीन की मदद के लिए अमेरिका को धोखा देने का प्रयास किया।

अमेरिका ने ईरान और चीन के खिलाफ कई व्यापार प्रतिबंध लगाए हैं जिसकी काट निकालने के लिए तेहरान और पेइचिंग ने नेपाल का का इस्तेमाल किया। पत्रकारों ने इस रिपोर्ट को अमेरिका की वित्तीय लेनदेन पर नजर रखनी वाली संस्था के गोपनीय दस्तावेज के आधार पर तैयार किया है।

इसे फिनसेन फाइल्स कहा जा रहा है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर 2006 से मार्च 2017 के बीच में नेपाल के 9 बैंकों, 10 कंपनियों और नेपाल में विभिन्न लोगों ने सीमापार व्यापार के नाम पर संदिग्ध पैसे का लेनदेन किया। इस रिपोर्ट में कहा गया है, यह दर्शाता है कि नेपाली बिजनस संस्थान सोने की अंतरराष्ट्रीय तस्करी, प्राचीन वस्तुओं, बिटुमेन और दूरसंचार उपकरणों की तस्करी करते हैं। इसमें स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, प्राइम कार्मशल बैंक, बैंक ऑफ काठमांडू, एवरेस्ट बैंक, नेपाल इन्वेस्टमेंट बैंक, मेगा बैंक, हिमालयन बैंक, नेपाल बांग्लादेश बैंक आदि संदिग्ध पैसे की लेनदेन करने वाले बैंकों में शामिल हैं। इस लिस्ट में नेपाल की 10 कंपनियां भी शामिल हैं जिन्होंने या तो सीधे तौर पर संदिग्ध पैसा भेजा या उसे हासिल किया।

## आस्ट्रेलियाई पत्रकार और बेटी को चीन में दी गई थी धमकी, बताई आपबीती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। एक पूर्व आस्ट्रेलियाई संवाददाता और उनकी 14 साल की बेटी को चीन छोड़ने से पहले हिरासत में लेने की धमकी दी गई थी। यह घटना दो साल पहले की है। भुक्तभोगी संवाददाता मैथ्यू कार्नी ने एक साक्षात्कार में आपबीती सुनाई है।

बकौल कार्नी, 2018 की इस घटना पर चुप रहना उनकी मजबूरी थी। अगर वह इस बारे में बता देते तो चीन में आस्ट्रेलियाई प्रसारण निगम के संचालन में दिक्कत पैदा हो सकती थी। दो सप्ताह पहले एबीसी और द आस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यूश के लिए चीन में कार्यरत संवाददाता अपने देश लौट गए। ये चीन में काम करने वाले दो आखिरी आस्ट्रेलियाई पत्रकार हैं। इन्हें भी हिरासत में लेने की धमकी दी गई थी, जिसके कारण वे चीन छोड़ आए।

कार्नी 2018 में एबीसी के चीनी ब्यूरो के प्रमुख हुआ करते थे। इसी समय आस्ट्रेलिया में घरेलू राजनीति में विदेशी दखल को गैरकानूनी घोषित करते हुए एक कानून पारित किया था। बकौल कार्नी, इस नए कानून से चीन गुस्से में था। कानून बनने के तीन महीने के अंदर ही उन्हें और उनके परिवार को धमकी मिलने लगी थी।